भारत सरकार
नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1426
मंगलवार, दिनांक 11 मार्च, 2025 को उत्तर दिए जाने हेतु

<u>पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत लाभान्वित घर</u>

1426. श्री नीरज डांगीः क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत अब तक कितने घरों को लाभान्वित किया गया है;

(ख) अब तक इस योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का राज्य-वार, विशेषकर राजस्थान राज्य से प्राप्त आवेदनों और लाभान्वित घरों का ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में कितने घरों में सौर संयंत्र लगाने का लक्ष्य रखा गया है; और

(घ) इस योजना के अंतर्गत मिलने वाली सब्सिडी का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा और विद्युत राज्य मंत्री
(श्री श्रीपाद येसो नाईक)

(क) और (ख): दिनांक 01.03.2025 की स्थिति के अनुसार, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना (पीएमएसजीः एमबीवाई) के तहत कुल 47.06 लाख आवेदन पंजीकृत हुए हैं और 9.70 लाख से अधिक घर रूफटॉप सौर संयंत्रों की स्थापना से लाभान्वित हुए हैं।

पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत राजस्थान सहित प्राप्त आवेदनों, लाभान्वित घरों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है।

(ग) ऐसा अनुमान था कि पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के प्रारंभिक वर्ष अर्थात् वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान कुल 12 लाख घरों को इस योजना के अंतर्गत लगाए गए सौर रूफटॉप संयंत्रों के माध्यम से लाभ होगा।

(घ) पीएमएसजीः एमबीवाई के तहत जारी सीएफए के राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है।

अनुलग्नक

'पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत लाभान्वित घर' के संबंध में पूछे गए दिनांक 11.03.2025 के राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1426 के भाग (क) और (ख) तथा (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

दिनांक 01 मार्च, 2025 की स्थिति के अनुसार, पीएमएसजीः एमबीवाई के तहत राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार प्रगति

क्र.सं.	राज्य	आवेदन (संख्या)	लाभान्वित घर (संख्या)	जारी सीएफए (करोड़ रु. में)
1	आन्ध्र प्रदेश	11,56,693	14,086	65.11
2	अरुणाचल प्रदेश	94	-	-
3	असम	2,98,666	8,748	41.76
4	बिहार	69,757	4,537	20.83
5	छत्तीसगढ़	36,344	2,101	6.38
6	गोवा	4,458	801	2.59
7	गुजरात	3,84,013	3,85,820	1,920.30
8	हरियाणा	1,63,517	20,225	88.42
9	हिमाचल प्रदेश	5,949	1,409	6.85
10	झारखंड	6,947	225	0.93
11	कर्नाटक	2,14,640	9,316	38.29
12	केरल	1,19,947	75,371	444.11
13	मध्य प्रदेश	59,147	29,191	169.95
14	महाराष्ट्र	5,66,937	2,26,863	804.16
15	मणिपुर	728	189	1.10
16	मेघालय	2,003	17	0.08
17	मिजोरम	620	101	0.62
18	नागालैंड	243	8	0.05
19	ओडिशा	91,689	2,680	12.86
20	पंजाब	13,879	5,015	29.58
21	राजस्थान	2,35,924	31,687	187.20
22	सिक्किम	58	4	0.01
23	तमिलनाडु	82,029	27,660	128.33
24	तेलंगाना	44,994	12,155	49.39
25	त्रिपुरा	3,008	153	0.75
26	उत्तर प्रदेश	10,34,729	87,208	487.47
27	उत्तराखंड	43,194	17,702	110.69
28	पश्चिम बंगाल	26,540	419	-
29	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	158	15	0.01
30	चंडीगढ़	1,342	625	1.56
31	दादरा नगर हवेली तथा दमन एवं दीव	1,578	105	0.26
32	जम्मू और कश्मीर	25,324	1,811	6.65
33	लद्दाख	655	320	2.15
34	लक्षद्वीप	672	229	1.56
35	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली	8,196	3,014	6.39
36	पुडुचेरी	1,351	690	3.87
	कुल	47,06,023	9,70,500	4,640.28

*****